महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHIKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in

पत्रांक : रू.वि. / कु.स.का. / 2021 / 4060-4072 दिनांक : 16.04.2021

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / प्रभारी / समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर, बरेली

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

विषय : कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ.प्र. शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 1064 / सत्तर–3–2020 दिनांक 15.04.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त के आलोक में कुलपति महोदय द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं –

1. विश्वविद्यालय के आदेश संख्या रू.वि. / परीक्षा / एफ–3 / 2021 / 4051–59 दिनांक 16.04.2021 के द्वारा समस्त प्रकार की लिखित / प्रायोगिक परीक्षायें आगामी 15 मई, 2021 तक स्थगित कर दी गयी हैं।

2. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित कक्षाएँ / शिक्षण कार्य एवं प्रायोगिक कार्य परिसर में न होकर ऑनलाईन मोड में शिक्षकों द्वारा विधिवत संचालित किया जायेगा तथा उसका समुचित रिकार्ड सम्बन्धित शिक्षकों / विभागाध्यक्षों द्वारा साप्ताहिक रूप से महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा। महाविद्यालय / विश्वविद्यालय परिसर में छात्र / छात्राओं की उपस्थिति नहीं होगी।

3. विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के परिसर में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी तथापि आवश्यकतानुसार किसी भी शिक्षक को बुलाया जा सकता है। सभी शिक्षक इस अवधि के दौरान नियमानुसार मुख्यालय पर उपस्थित रहेगें।

4. समस्त महाविद्यालयों में कार्यरत समूह – "ख", "ग" एवं "घ" के कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार अल्टरनेट रूप में (वैकल्पिक) कार्यालय बुलायेंगें तथा शेष 50 प्रतिशत कार्मिक घर से ही कार्य निष्पादित करेगें।

   विश्वविद्यालय परिसर के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, समन्वयक एवं अधिकारीगण अपने अधीनस्थ कार्यरत कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार अल्टरनेट रूप में (वैकल्पिक) कार्यालय बुलायेगें तथा शेष 50 प्रतिशत कार्मिक घर से ही कार्य निष्पादित करेगें।

विश्वविद्यालय की वार्षिक मुख्य परीक्षा 2021 सन्निकट है तथा आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारम्भ होने वाली है। अतः उक्त के दृष्टिगत बाहर से आवश्यक कार्य हेतु आने वाले छात्र / छात्राओं को दी जाने वाली सेवाएँ कदापि प्रभावित न हों। सभी सम्बन्धित इस बात का ध्यान रखें।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. श्री अब्दुल समद, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को उनके द्वारा प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुपालन के क्रम में सादर सूचनार्थ।
2. चीफ वार्डेन / समस्त वार्डेन, छात्रावास, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
3. डॉ. अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
4. वित्त अधिकारी।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।
7. सहायक कुलसचिव (प्रशासन)।
8. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
9. समस्त प्रशासनिक अधिकारी।
10. निजी सचिव कुलपति।
11. वै.सहा., कुलसचिव
12. प्रभारी, बेवसाईट।

Pandey

कुलसचिव